तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रतन भूमि

रायपुर, शनिवार 10 मई 2025




10 धान की नीलामी में बेस रेट से कम बोली लगाने...



11 नन्हे बच्चों के बीच पहुंचे सीएम बांटी टॉफियां और...








## खबर संक्षेप



### अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

**मैनपुर।** विकासखंड मुख्यालय मैनपुर के ग्राम शोभा में गुरुवार को तहसीलदार मैनपुर की मौजूदगी में शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध तरीके से मकान बनाने वाले दो ग्रामीण के निर्माणाधीन मकान पर सुबह 10.00 के आसपास बुलडोजर चला कर कब्जा मुक्त कराया गया। वही एक ग्रामीण के बाड़ी को भी कब्जा मुक्त कराया ज्ञात हो कि पक्की सड़क किनारे खाद्यान्न सोसायटी शोभा के समीप डिकेश पिता जनक जाति गोड़ द्वारा शासकीय भूमि खसरा नंबर 60 रकबा 2.90 हेक्टेयर के भाग 10 गुणा 12 मीटर पर अवैध तरीके से बेजा कब्जा कर मकान बनाया जा रहा था। जिसको न्यायालय तहसीलदार मैनपुर के द्वारा बेजा कब्जा हटाने आदेश उपरांत सात दिवस का समय सीमा दिये जाने के बाद भी कब्जा हटाने की कार्यवाही नहीं की गई। जिसके कारण गुरूवार सुबह 10.00 बजे के आसपास निर्माणाधीन मकान पर बुलडोजर चलाकर कब्जा मुक्त कराया गया। वही लंबित प्रकरण मे लाल सिंह मरकाम पिता अवध राम मरकाम जो शासकीय भूमि में कब्जा कर मकान बनाने के लिए फाउंडेशन तैयार किया था वहा भी बुलडोजर चला वही ग्राम शोभा के ही रामजी सेन पिता रोमनाथ सेन जो शासकीय भूमि पर कब्जा कर बाड़ी को तार से घेरा डाला था उसे भी कब्जा मुक्त कराया गया। लाल सिंह एवं रामजी सेन ने कहा कि आज के तारीख मे हमें कोई लिखित में सूचनार्थ नहीं किया गया था। हम लोग तो ग्राम सभा में समाधान के लिए आवेदन भी लगाए थे। इस मौके पर तहसीलदार गेंदलाल साहू, लिपिक वर्ग 2 रजनीश रामटेके, हल्का पटवारी नीरज वर्मा, सचिव निर्मल देशमुख, नगर सैनिक मनोहर यादव, राजेंद्र मेश्राम, कोटवार उमेश नागेश, गिरधर नागेश सहित महिला आरक्षक भी शामिल रहे।

### आर्ट ऑफ लिविंग का प्रज्ञा योगा 17 से

**महासमुंद।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार महासमुंद द्वारा 17 से 20 मई तक महासमुंद में 8 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रज्ञा योगा (इंस्टीट्यूशन कोर्स) स्वाध्याय भवन महासमुंद में आयोजित किया जा रहा है इस कोर्स को लेने के लिए नागपुर महाराष्ट्र की वरिष्ठ शिक्षिका नीता चौधरी एवं योगिता चौधरी आ रही हैं।

**सौगात :** दस से अधिक गांवों के 54 हजार किसानों को मिलेगा लाभ

# अधूरी पीपरछेड़ी सिंचाई योजना को सीएम की हरी झंडी, 85 करोड़ से होगी पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ छुरा/ मुड़ागांव

जिले के सुदूर मड़ेली और आसपास के 10 से अधिक गांवों के निवासियों का 45 साल का इंतजार आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खत्म कर दिया। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को मड़ेली के सुशासन समाधान शिविर में इलाक़े की 45 साल से अधूरी पड़ी पीपरछेड़ी सिंचाई परियोजना को पूरा करने की मंजूरी दे दी। इस योजना को पूरा करने के लिए क्षेत्र के किसानों ने सुशासन तिहार के दौरान आवेदन दिया था और आज मुख्यमंत्री के मडेल़ी पहुंचने पर उनके समक्ष में भी इसकी स्वीकृति की मांग की। मुख्यमंत्री ने लोगों की जनभावनाओं और इलाके के विकास के लिए इस योजना को पूरा करने की स्वीकृति दी। मीडिया से बात करते हुए जब मुख्यमंत्री श्री साय ने इसकी घोषणा की तो उपस्थित लोगों ने ख़ुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री जिंदाबाद के नारे लगाए और मुख्यमंत्री श्री साय का आभार व्यक्त किया।

गौरतलब है कि जिले तत्कालीन रायपुर जिला के पीपरछेड़ी गांव में घुनघुट्टी नाला पर बांध बनाकर पानी रोकने और किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की योजना 1977 में शुरू हुई थी। परंतु 1980 में वन अधिनियम लागू होने के बाद तत्कालीन समय में वन एवं पर्यावरणीय अनुमति नहीं मिलने के कारण इसका ▶▶|शेष पेज 11 पर

## ईमानदारी से काम करने वाली सरकार ने जनता के सामने रखा रिपोर्ट कार्ड

**गरियाबंद।** ईमानदारी से काम करने वाली सरकार ही जनता के सामने अपना रिपोर्ट कार्ड पेश कर सकती है। हमने यह करके दिखाया है। यह बातें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायत मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर के दौरान कहीं। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के पांचवें दिन मुख्यमंत्री ने 10वें जिले का दौरा किया और योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की हकीकत देखी।

- सुशासन तिहार के जरिए समस्याओं का समाधान करने गांव-गांव पहुंच रही सरकार
- मुख्यमंत्री ने मड़ेली में किया समाधान शिविर का निरीक्षण, किए बड़ी घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 75 करोड़ की लागत से ग्राम मड़ेली में 132 केव्ही सब स्टेशन और विद्युत लाइन विस्तार की घोषणा की। साथ ही 147 करोड़ रुपए की लागत से राजिम-छुरा (बेलटुकरी होकर) 43 किमी सड़क चौड़ीकरण और पिपरछेड़ी जलाशय के अधूरे कार्य को पूरा करने की भी मंजूरी दी। जलाशय की यह परियोजना 45 साल बाद अब पूरी होगी। मुख्यमंत्री ने भगवान राजीव लोचन के जयकारे से अपना संबोधन शुरू किया और बताया कि ▶▶|शेष पेज 11 पर






### हितग्राहियों को मिली सामग्री, बच्चों का अन्नप्राशन

समाधान शिविर में मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल और अन्य योजनाओं के तहत उपकरण व सामग्री वितरित की। उन्होंने विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर अधिकारियों से आवेदनों की स्थिति जानी और लंबित मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए। बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया गया और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी की गई।



# तीन बार बाउंस हुआ मुआवजा चेक बाबू पर रिश्वतखोरी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

4 साल बाद भू अर्जन की राशि का चेक जारी किया वो भी बाउंस हो गया। आहत किसान ने कहा चेक क्लियर के एवज में रिश्वत मांग रहा है बाबू, नहीं दे रहा इसलिए तीन बार बाउंस हो चुका है चेक। शिकायत मिलते ही गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप सीधे पहुंच गए दफ्तर।

मैनपुर विकासखंड के भेजीपदर डायवर्शन सिंचाई योजना के लिए 2021 में कृषि भूमि का अधिग्रहण किया गया था। योजना बन कर तैयार भी हो गया पर अधिग्रहित भूमि के किसानों को अब तक मुआवजा के लिए भटकना पड़ रहा है।अमलीपदर के किसान शिवकुमार मिश्रा को अप्रैल माह में 13 लाख 63 हजार का चेक दिया गया। पीड़ित किसान चेक को लेकर मैनपुर के बैंक ऑफ बड़ौदा का चक्कर काट रहा है पर अब तक भुगतान नहीं हुआ।



### घूस की रकम नहीं दी तो चेक अटका दिया

पीड़ित किसान का पुत्र आदित्य मिश्रा ने बताया कि चेक क्लियरेंस की अनुमति के लिए एसडीएम दफ्तर में शाखा देखने वाला बाबू घुस की मांग कर रहा है, पर हमने नहीं दिया जिन्होने दिया उनका चेक क्लियर हो गया, हमारा अब तक नहीं हुआ दूरभाष से इस पीड़ा की शिकायत आदित्य ने जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप से किया उसने बताया कि पहली बार 24 अप्रैल को, दूसरी बार 1 मई को और तीसरी बार 6 मई को भू अर्जन अधिकारी यानी देवभोग एसडीएम द्वारा जारी चेक बाउंस हुआ है इस रकम के लिए अमलीपदर से मैनपुर ( 70 किमी ) का 20 बार दफ्तर चक्कर काट चुके हैं।

### जिला पंचायत अध्यक्ष दफ्तर पहुंचे तो प्रभारी ने कहा- जल्द दिला देंगे

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप सीधे मैनपुर एसडीएम के दफ्तर पहुंचे। अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे प्रभारी एसडीएम तुलसीदास मरकाम अपने मूल दफ्तर देवभोग में थे, दूरभाष से अध्यक्ष ने मामले की जानकारी दी, जिसके बाद एसडीएम ने जांच कर उचित कार्यवाही करने के अलावा तत्काल भुगतान कराने का भरोसा दिलाया है मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर क''यप ने आरोपित बाबू से भी दूरभाष से बात कर चेक जारी के बाद बैंक भुगतान के लिए किए जाने वाले औपचारिकता पूरी करने कहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी कश्यप ने कहा कि ऐसी हरकतों से सरकार की छवि धूमिल हो रही है सारे लंबित भुगतान को जल्द करने कहा गया है। तुलसी दास मरकाम प्रभारी एसडीएम ने कहा की चेक बाउंस हो रहा है तो ये गलत बात है किन परिस्थिति में ऐसा हो रहा है इसको दिखवाते हैं किसान शिव कुमार के मामले की जानकारी लगते ही तत्काल आवश्यक कमी को पूरी कराया गया है ताकि चेक बाउंस न हो अन्य लंबित भुगतान की जानकारी भी जल्द हो इसके प्रयास किए जाएंगे।






### 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव का नाम किया रोशन

# पढ़ाई के लिए घंटे नहीं, योजनाबद्ध नियमित अध्ययन है जरूरी : प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की जारी सूची में अपना नाम देखकर मुझे सुखद अनुभूति हो रही है। मुझे प्रसन्नता है कि मैं अपने विषय शिक्षकों, माता पिता, परिवार के सदस्यों और समस्त ग्रामवासी की उम्मीद पर खरा उतर पायी। उक्त बातें एक संक्षिप्त चर्चा में कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी प्रिती साहू पिता कमलेश कुमार साहू माता मीना साहू ग्राम रावनाभाटा ग्राम पंचायत टेंगनाबासा जिला गरियाबंद ने नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर में पढ़ाई कर 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रिती साहू ने कहा कि पढ़ाई की तैयारी के संबंध में पूछने पर उन्होंने कहा कि पढ़ाई के लिए घंटे मायने नहीं रखते अपितु लक्ष्य बनाकर नियमित अध्ययन करने से वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने में आसानी होती है। उन्होंने बताया कि उनका पूरा ध्यान कक्षा की पढ़ाई व घर में सेल्फ स्टडी पर रहा अतः कोचिंग या ट्यूशन की आवश्यकता महसूस ही नहीं हुई। कभी किसी विषय को लेकर कठिनाई होने पर शिक्षकों से सहायता लेने के अलावा उस टापिक की तैयारी यूट्यूब के मध्यम से किया। आगे कहा कि वर्तमान में युवाओं को समझने की आवश्यकता है कि सोशल मीडिया का सकारात्मक लाभ भी भली-भांति उठाया जा सकता है। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरूजन, परिवार के सभी सदस्य, टेंगनाबासा के उपसरपंच रेखचद साहू, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक गैंदालाल ध्रुव, होरी लाल साहू,तुलेश साहू पंच सहित सभी ग्रामवासियों ने छात्रा प्रिती साहू को इस उपलब्धियों पर उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### कोचिंग या ट्यूशन की नहीं पड़ी आवश्यकता



प्रिती साहू ने कहा कि पढ़ाई की तैयारी के संबंध में पूछने पर उन्होंने कहा कि पढ़ाई के लिए घंटे मायने नहीं रखते अपितु लक्ष्य बनाकर नियमित अध्ययन करने से वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने में आसानी होती है। उन्होंने बताया कि उनका पूरा ध्यान कक्षा की पढ़ाई व घर में सेल्फ स्टडी पर रहा अतः कोचिंग या ट्यूशन की आवश्यकता महसूस ही नहीं हुई।

## खबर संक्षेप

### पीएससी के पूर्व अध्यक्ष पिस्दा के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी केआर पिस्दा के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि पिस्दाजी एक कुशल प्रशासक, कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार और लोकप्रिय अधिकारी थे। उन्होंने दंतेवाड़ा और कांकेर कलेक्टर सहित अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए विकास के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को इस दुःख को सहने का संबल प्रदान करें।

### नक्सल मामले में सीएम और गृह मंत्री के बयान में विरोधाभास : बैज

**रायपुर।** नक्सल मामले में मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के अलग-अलग बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, नक्सल मामले में मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के बीच शीत युद्ध चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन संकल्प अभियान जिक्र करते हुए ऑपरेशन की सफलता पर पीठ थपथपा रहे हैं। 22 नक्सलियों के शव बरामद होने की जानकारी दे रहे हैं। जवानों को बधाई दे रहे हैं और प्रदेश को नक्सली मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ाना बता रहे हैं। वहीं राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा मुख्यमंत्री के बयान के विपरीत 22 नक्सलियों के मारे जाने की खबर को भ्रामक बता रहे हैं और संकल्प नाम से कोई भी ऑपरेशन नहीं चलने की जानकारी दे रहे हैं। आखिर प्रदेश की जनता किसके बयान पर भरोसा करे?

### हाट-बाजार उन्नयन के लिए 3.76 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने मुंगेली नगरपालिका में दो कार्यों के लिए तीन करोड़ 75 लाख 70 हजार रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा अपने मुंगेली प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं को पूर्ण करने सूडा द्वारा यह राशि स्वीकृत की गई है। राशि स्वीकृति के संबंध में सूडा द्वारा मुंगेली नगरपालिका के सीएमओ को परिपत्र जारी किया गया है। सूडा द्वारा मुंगेली नगरपालिका में हाट-बाजार उन्नयन कार्य के तहत बुधवारी बाजार के उन्नयन के लिए एक करोड़ 80 लाख 98 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। उद्यान उन्नयन कार्य के अंतर्गत पुष्पवाटिका के उन्नयन के लिए भी एक करोड़ 94 लाख 72 हजार रुपए की स्वीकृति सूडा द्वारा दी गई है।

### पीएमजीएसवाय के राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक का दौरा

**रायपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत राज्य में बन रही ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अब तृतीय स्तर का निरीक्षण किया जाएगा। इस क्रम में राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक मई माह में राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समन्वयक ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी नई दिल्ली द्वारा जारी निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक पंकज बकाया मई माह में राज्य के दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में हुए निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे।

### खेल-खेल में बच्चों को मिल रही अध्यात्म और राजयोग की शिक्षा

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित एकेडमी फॉर-ए-पीसफुल वर्ल्ड शांति शिखर में आयोजित समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए श्री सत्यसाईं हास्पिटल के चेयरमैन श्रीनिवास राव ने ब्रह्माकुमारी बहनों के तपस्वी जीवन और समर कैंप की सराहना करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में दैवीय गुणों से संपन्न बहनों को देखकर मैं आश्चर्यचकित रह जाता हूं। यहां के शांत और पवित्र वातावरण को देखकर मेरा भी समर कैंप में शामिल होने का मन कर रहा है।

# धान की नीलामी में बेस रेट से कम बोली लगाने वालों को प्राइज मैचिंग का विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मार्कफेड द्वारा सरप्लस धान 33 लाख मीट्रिक टन के लिए नीलामी में व्यापारियों ने अधिकतर जिलों में 1900 से 1950 रुपए की बोली लगाई। वहीं दुर्ग और राजनांदगांव जिले के कुछ जगहों पर संग्रहण केंद्र में रखे धान के लिए 2050 से 2100 रुपए की बोली लगाई है।

अधिकतर व्यापारियों ने 1400 रुपए से लेकर 1700 रुपए तक की बोली लगाई है। इस नीलामी में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर से कम दर वाले एच-1 निविदाकर्ता को 5 से 6 मई तक ऑनलाईन प्लेटफार्म के माध्यम से प्राइस मैचिंग का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। यदि किन्हीं कारणों से एच-1 निविदाकार द्वारा प्राइस मैच नहीं किया गया हो, तो उनको प्राइस मैचिंग के लिए पुनः अवसर प्रदान किया जा रहा है। वह स्टेक जिनका एच-1 निविदाकार द्वारा प्राइस मैच नहीं किया गया है, उन स्टेकों को एच-1 निविदाकार सहित अन्य निविदाकारों एवं नये इच्छुक बोलीकर्ता को 9 मई तक प्राइस मैचिंग का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

- दुर्ग और राजनांदगांव में 2050 से 2100 रुपए तक लगी बोली
- शुक्रवार के बाद नए सिरे से बोली होगी शुरू



### सभी बिडरों को दिया जा रहा मौका

एम-जंक्शन के ऑनलाइन प्लेटफार्म में पंजीकृत सभी बिडर इस निविदा में भाग ले सकते हैं एवं सभी पंजीकृत बिडर को आगामी सभी बिडिंग की समय-सारणी ई-मेल के माध्यम से दी जा रही है। इसके अतिरिक्त बिडर एम-जंक्शन की वेबसाइट से भी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अब तक ढाई लाख मीट्रिक टन धान की बिक्री 17 से 23 अप्रैल के बीच बोली के दौरान हो चुकी है। कम बोली लगाने वालों को बेस रेट में ही लें इसके लिए एक मौका दिया जा रहा है।

### संग्रहण केंद्रों से हो रही नीलामी

धान के संग्रहण केंद्रों में रखे धान की मात्रा के अनुसार अलग-अलग स्टैक तैयार किए गए हैं। 1200 क्विंटल का एक स्टैक बना है। बोली लगाने वाले तीन स्टैक या उससे अधिक की बोली लगा सकते हैं। सरकार द्वारा तय किए गए बेस रेट से कम कीमत आने पर उन्हें प्राइज मैचिंग का आप्शन दिया जा रहा है। ऑनलाइन निविदा के माध्यम से पूरे धान का निराकरण हो, इसका प्रयास लगातार किया जा रहा है।

# राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन पूरा, वितरण शुरू पर भंडारण में देर से हितग्राही-संचालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का भौतिक सत्यापन का काम पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही सभी दुकानों में हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण का काम भी प्रारंभ हो गया है, लेकिन अभी भी कई राशन दुकानों में डिमांड के अनुसार भंडारण नहीं हो पाया है, जिसके कारण इन दुकानों में हितग्राहियों को चावल, शक्कर एवं नमक लिए बगैर लौटना पड़ रहा है। इधर इस मामले में खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि राशन दुकानों में खाद्यान्न भंडारण में देर की शिकायतें आई हैं। इसे लेकर नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर (नान) को निर्देशित किया है कि जल्द से जल्द मई माह के लिए आबंटित खाद्यान्न का राशन दुकानों में भंडारण करें, ताकि हितग्राहियों को बार-बार दुकानों का चक्कर लगाना नहीं पड़े। इधर इस मामले में नान रायपुर के अधिकारियों का कहना है कि जिलेभर में लगभग सात सौ राशन दुकानें हैं। इन सभी दुकानों में भंडारण करने में समय लगता है, जिससे कई दुकानों में भंडारण करने में देर हो जाती है।

- डेढ महीना पहले भेजा गया था निर्देश
- अब 13 मई तक काम पूरा करने कहा



### चालू माह में भंडारण के लिए खाद्यान्न का आबंटन एक माह पहले

उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण का काम खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम करता है। इसके तहत सभी राशन दुकानों में चालू माह में वितरण करने वाले खाद्यान्न के भंडारण का काम निगम द्वारा एक माह पहले ही किया जाता है, ताकि चालू माह में दुकानों में खाद्यान्न हर दिन उपलब्ध रहे, ताकि कोई भी हितग्राही अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी समय दुकान से खाद्यान्न ले सके। इस व्यवस्था के बावजूद पिछले करीब 6 महीने से कई राशन दुकानों में चालू माह खत्म होने के बाद भी भंडारण नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण हर महीने जिलेभर में सैकड़ों की संख्या में हितग्राहियों को खाद्यान्न मिल नहीं पा रहा है।

### अंतिम तारीख तक नहीं लेने पर लैब्स हो जाता है खाद्यान्न

राशन दुकानों में प्रत्येक माह के लिए खाद्यान्न का भंडारण किया जाता है, वहीं हितग्राहियों को भी खाद्यान्न उसी महीने का मिल पाता है, जिस महीने के लिए खाद्यान्न आबंटित किया गया है, लेकिन जो हितग्राही दुकान में भंडारण नहीं होने से खाद्यान्न ले नहीं पाता है तो उस महीने का खाद्यान्न भी लैब्स हो जाता है, क्योंकि राशन दुकान की ऑनलाइन ई-पॉस मशीन में बैक माह का खाद्यान्न वितरण करने का आप्शन ही नहीं है। इस तरह नान की लापरवाही के कारण हितग्राहियों को खाद्यान्न लैब्स हो रहा हैं।

### नान अफसर को जारी हो चुका है नोटिस

राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन के दौरान खाद्य विभाग को कई दुकानों में चालू महीने का खाद्यान्न नहीं मिलने की शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों की जानकारी कलेक्टर गौरव सिंह तक पहुंची थी, जिसके बाद उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नान रायपुर के अफसर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि इस नोटिस का जवाब एक दिन के भीतर मांगा गया था।इस नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि नान अफसर को जवाब लेकर खुद कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होना है, लेकिन नोटिस जारी किए एक सप्ताह से भी ज्यादा समय हो चुका हैं, लेकिन अभी तक न ही नोटिस का जवाब नहीं दिया गया है और न ही राशन दुकानों में भंडारण की व्यवस्था में सुधार आया है।

### भौतिक सत्यापन के दौरान मिलीं शिकायतें

कलेक्टर के निर्देश पर सभी राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन किया है। इस दौरान कई दुकानों में देरी से भंडारण किए जाने की शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों के बाद कलेक्टर के निर्देश पर नागरिक आपूर्ति निगम की अधिकारी को कारण बताओ नोटिस भेजा है, जिसका जवाब अभी आया नहीं है।

\- भूपेंद्र मिश्रा
खाद्य नियंत्रक रायपुर

## निदान 1100 में मिली शिकायतों से नजर फेर रहे हैं निकाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय क्षेत्रों में जन समस्याओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए जन शिकायत निवारण प्रणाली निदान 1100 तैयार की गई है। लेकिन राज्य के नगरीय निकाय इस माध्यम से आने वाली शिकायतों के निवारण के मामले में नजर फेर रहे हैं।

निदान में दर्ज शिकायतों का समाधान समय सीमा में नहीं किया जा रहा है। इस बात को लेकर राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने नाराजगी जताई है।

- आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान नहीं
- अब बनाए गए निकायों में नोडल अधिकारी

### निदान से समाधान होता है इन शिकायतों का

खास बात यह है कि निकाय क्षेत्रों में रहने वाले लोग निदान 1100 के माध्यम से अपने क्षेत्र की साफ सफाई, डोर टू डोर कचरा प्रबंधन, रोड, नाली, सीवर की सफाई, सेप्टिक टैंक की सफाई, स्ट्रीट लाइट, वाटर सप्लाई, भवन अनुज्ञा आदि अन्य संबंधित शिकायतें करते हैं। लेकिन सूडा का कहना है कि प्रायः यह देखा जा रहा है कि निदान 1100 में दर्ज शिकायतों का निराकरण समय सीमा में नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से आम नागरिकों में निकायों की छवि धुमिल हो रही है। निकायों की खराब ग्रेडिंग की शिकायतों का निराकरण समय सीमा में न होना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है। भविष्ट में निदानी से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा शासन स्तर पर किया जाना है। अब शिकायतों के समय सीमा में निराकरण के लिए नगर निगम, पालिका ओर नगर पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

## निकायों ने नहीं भेजा पीएम आवासों की स्वीकृति का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने नगरीय निकायों से इस बात को लेकर गहरी नाराजगी जताई है कि राज्य के निकायों ने शासन के निर्देशों के बाद भी पीएम आवास योजना शहरी बीएलसी घटक के लिए के आवासों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव ही नहीं भेजा। निकायों के इस कदम को सूडा ने अत्यंत खेद का विषय बताया है। अब निकायों से कहा गया है कि वे 13 मई तक ये प्रस्ताव भेजें।

### ये है मामला

प्रधान मंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक के अंतर्गत वेब पोर्टल पर दर्ज आवेदनों का शत प्रतिशत सत्यापन तथा विस्तृत परियोजना भेजने के लिए नगरीय निकायों को 13 मार्च को पत्र भेजा गया था। इस पत्र के माध्य से शासन द्वारा इस योजना के क्रियान्वयन के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए थे। इसी संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव ने 23 अप्रैल को समीक्षा बैठक में भारत सरकार के युनिफाइड़ वेब पोर्टल पर पीएम आवास शहरी 2.0 बीएलसी घटक में आवास के लिए दर्ज आवेदनों का शत प्रतिशत सत्यापन करते हुए पात्र हितग्राहियों का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए गए थे।

### अब सूडा ने जताई नाराजगी

इस मामले को लेकर राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने प्रदेश के सभी आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को भेजे गए पत्र में कहा है कि यह अत्यंत खेद का विषय है कि शासन के निर्देशों के बाद आज तक आवासों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव प्रेषित नहीं किया गया है। अब सूडा ने कहा है 13 मई तक पात्र हितग्राहियों का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर मय जिला स्तरीय समिति से अनुमोदित प्रस्ताव अनिवार्य रूप से सूडा को भेजें।

# रजिस्ट्री कार्यालय से नामांतरण, पटवारियों का घटा बस्ता, इसलिए दफ्तरों में भी सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री का नामांतरण का अधिकार पंजीयन कार्यालयों को दिया जा रहा है। इसकी शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के चुनिंदा पंजीयन कार्यालयों में हो गई है। इस तरह रजिस्ट्री के तुरंत बाद नामांतरण भी पंजीयन कार्यालय से होने लगे हैं। यह सिस्टम आगामी एक-दो महीने के भीतर प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालयों में भी शुरू हो जाएगा। इधर शासन द्वारा लाए गए इस नए सिस्टम से जहां लोगों को बड़ी राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर इससे पटवारियों के काम का बस्ता भी घटा है, जिसके कारण अब पटवारी दफ्तरों में भी दिनभर सन्नाटा पसरा रहता है। इससे पहले नामांतरण कराने के लिए लोगों को पटवारी के दफ्तरों से लेकर तहसीलों के चक्कर काटने पड़ते थे, जो नए सिस्टम के शुरू होने के बाद से लगभग बंद है।

**केस 1**

लालपुर क्षेत्र में कमल विहार ब्रिज के पास स्थित पटवारी के दफ्तर में शाम करीब 4 बजे सन्नाटा पसरा मिला। यहां एक महिला पटवारी खाली बैठी मिली। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी रजिस्ट्री का नामांतरण जब से पंजीयन कार्यालय से होने का सिस्टम लागू हुआ है, उसके बाद से रजिस्ट्री नामांतरण के प्रकरण आना बंद हो गए हैं।

**केस 2**

पुजारी काम्पलेक्स स्थित पटवारी के दफ्तर में भी दोपहर 1 बजे सन्नाटा पसरा रहा। यहां भी एक-दो लोग ही मिले जो दूसरा काम लेकर पहुंचे हुए थे। यहां के पटवारी ने भी बताया कि रजिस्ट्री नामांतरण के प्रकरण अब नहीं आ रहे हैं।

**केस 3**

गोंदवारा स्थित पटवारी दफ्तर में भी दोपहर करीब 12 बजे सन्नाटा पसरा रहा। यहां का पटवारी सीमांकन के काम से फिल्ड पर गया हुआ था, जिसके कारण यहां कोई नहीं मिला।

### जहां नया सिस्टम लागू नहीं उन तहसील क्षेत्रों के पटवारी दफ्तरों में भी भीड़ नहीं

रायपुर जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आरंग एवं नवा रायपुर पंजीयन कार्यालय में नया सिस्टम लागू है। विभागीय अधिकारियों की मानें, तो जल्द ही यह सिस्टम रायपुर पंजीयन कार्यालय में भी शुरू हो जाएगा। इसके लिए तैयारी भी की जा रही है। पंजीयन कार्यालय में नामांतरण की सुविधा शुरू होने से आरंग और नवा रायपुर तहसील क्षेत्र के पटवारियों की पूछ-परख भी कम हो गई है, जिसके कारण इनके दफ्तर भी खाली नजर आने लगे हैं। रायपुर पंजीयन कार्यालय में अभी तक नया सिस्टम जरूर शुरू नहीं हुआ है, लेकिन यहां के पटवारियों की भी पूछ-परख कम हो गई है।




हरिभूमि ने गुरुवार को निगम क्षेत्र के कई पटवारी दफ्तरों की पड़ताल की, जिसमें ज्यादातर जगह सन्नाटा पसरा मिला। कहीं दफ्तर बंद मिले, तो कहीं पटवारी अकेले बैठे मिले।

### पटवारियों के पास कई काम

रजिस्ट्री नामांतरण का काम सिर्फ पटवारी नहीं करेंगे, लेकिन इसके अलावा फौती नामांतरण, नक्शा बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य कई तरह के काम पटवारी ही करेंगे।

\- पवन कोसमा,
तहसीलदार रायपुर

### सीमांकन, नक्शा बंटवारा सहित कई काम पटवारी ही करेंगे

इधर कुछ पटवारियों ने बातचीत में बताया कि प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के नामांतरण का अधिकारी उपपंजीयकों को दिया है, लेकिन इससे पटवारियों को ज्यादा राहत नहीं मिली है। जमीन का सीमांकन से लेकर परिवार में प्रॉपर्टी का नक्शा बंटवारा, फौती नामांतरण सहित अन्य कई तरह के काम पटवारी ही करेंगे।

## बैज ने कहा- पीसीसी का निर्णय मानना होगा

# कांग्रेसी पार्षदों ने निशर्त वापस लिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच कांग्रेस के पांच पार्षदों का पत्र सामने आया। इन पार्षदों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर इस्तीफा वापस लेने और पार्टी के फैसलों को मानने की बात कही है। पत्र में पार्षदों ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से हुई बातचीत पर संतुष्टि जताते हुए कहा, वे पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं और नेतृत्व के हर निर्णय का सम्मान करेंगे।

विगत दिनों पीसीसी अध्यक्ष के निवास पर हुई। बैठक में सभी पार्षदों और शहर अध्यक्ष ने पीसीसी से माफी मांगते हुए निशर्त अपना इस्तीफा वापस लिया और पार्टी की रीति नीति का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध होने की बात भी कही। आकाश तिवारी को नगर निगम रायपुर में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद पीसीसी ने लेखराम साहू की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने निगम में कांग्रेस के सभी आठ पार्षदों से चर्चा करने किया इसके बाद मामले में हल निकला की प्रदेश कांग्रेस ने जो निर्णय लिया है उसे मानेंगे।

### आकाश को नेता प्रतिपक्ष बनाने पर बनी सहमति



पत्र में पार्षदों ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से हुई बातचीत पर संतुष्टि जताते हुए माना फैसला

### 15 नेताओं से चर्चा के बाद निपटा मामला

समिति ने 15 नेताओं से मामले में चर्चा की। बताया गया है कि उन्होंने वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, पंकज शर्मा, विकास उपाध्याय, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, प्रमोद दुबे, सुबोध हरितवाल, पंकज मिश्रा सहित अन्य नेताओं से अलग-अलग चर्चा की। मामले में यह पाया गया कि नगर निगम सभापति को शहर अध्यक्ष ने जो पत्र भेजा उस पर सहमति नहीं थी। मामले में जितने लोगों से चर्चा किया गया उसमें भी यह बात सामने आई। पार्षदों को इस मामले में एक तरफा रूख अपनाए जाने का दोषी पाया गया। वहीं पीसीसी के निर्णय की अवहेलना करने के कारण अनुशासन हीनता कर रहे हैं।

### शहर अध्यक्ष ने लिखा पत्र

नेता प्रतिपक्ष को लेकर समिति के पूरी जांच में यह पाया गया कि शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे की गलती के कारण पार्षदों ने इस्तीफे का कदम उठाया। मामले में पार्षद भी शहर अध्यक्ष के संपर्क में थे। वहीं साहू समाज को कांग्रेस के विरोध में खड़े करने का प्रयास पार्षदों ने किया। मामले में पीसीसी अध्यक्ष के निवास पर हुई बैठक में मामले में घिरे शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने भी माफी मांगी और निगम सभापति को आकाश तिवारी के नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने का पत्र लिखा।

## भ्रष्टाचार के आरोपी निगम आयुक्त के खिलाफ 9 साल बाद मुकदमे की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी बनाए गए नगर निगम रायगढ़ के तत्कालीन आयुक्त प्रमोद कुमार शुक्ला के खिलाफ राज्य सरकार ने अभियोजन की अनुमति दी है। खास बात ये है कि आरोपी अधिकारी के खिलाफ वर्ष 2016 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था।

बरसों तक इस प्रकरण में आरोपी के खिलाप अभियोग पत्र (चालान-मुकदमा) की अनुमति नहीं मिली। अब 9 साल बाद सरकार के विधि एवं विधायी विभाग ने अभियोजन की अनुमति दी है। इस मामले में अभियोजन की अनुमति के लिए प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी विभाग को पत्र भेजा गया था। अब इस विभाग ने 4 अप्रैल को एक पत्र जारी कर अभियोजन स्वीकृति की सहमति दी है। इस मामले में फंसे निगम आयुक्त प्रमोद कुमार शुक्ला अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनके खिलाफ वर्ष 2016 में रायगढ़ कोतवाली में धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी. और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) और धार 13 (1) घ के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।



## खबर संक्षेप



### अमलतास की लताओं की बिखर रही छटा

**मैनपुर।** भीषण गर्मी के मौसम मे सभी पेड़ -पौधे में अब नए पत्ते आ रहे हैं। मैनपुर क्षेत्र में अमलतास की लताएं अपनी अलग छटा बिखेरती नजर आ रही है।

### पहाड़ के पीछे नाला के पास मिली टेप से मुंह बंधी लाश

**महासमुंद।** टोंगोपानी कसेकेरा मार्ग के पहाड़ के पीछे अमरिया नाला के पास टेप से मुंह बांधी गई लाश मिली है। युवक की लाश मिलने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। खबर लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक युवक के चेहरे और मुंह पर चिपके हुए टेप तथा हाथ को भी बांधे जाने से यह मामला प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। युवक की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिलने की खबर से क्षेत्र के सैकड़ों लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर फोरेसिंक टीम के आला अधिकारी भी पहुंच चुके थे। ग्रामीणों के मुताबिक जिस तरह युवक के चेहरे पर टेप चिपका दिया गया है, उससे हत्या कर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस जांच के बाद ही सही स्थिति का पता चल पाएगा।

### लक्ष्मीपुर में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता

तेंदूकोना। रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता ग्राम - लक्ष्मीपुर(नवाड़ीही) में हो रहे फाइनल मैच पर पर्ची निकाल, टॉस कराकर सेमीफाइनल मैच प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य (जलसंसाधन विभाग सभापति) रवि फरोदिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण व जनपद पंचायत क्षेत्र सम्हर के जनपद सदस्य प्रतिनिधि मान पिलेश्वर पटेल, खड़ादहरा सरपंच हरीश जगत, उपसरपंच देवलाल पटेल, जनपद सदस्य तेंदुकोना धन्यजय साहू, साख समिति अध्यक्ष मुनगासेर मुकेश चंद्राकर, चारभाठा सरपंच संजय खांडे, टुरीझर सरपंच जितेंद्र साहू, नारायण पटेल, पीतांबर साहू, दुर्गेश साहू, पुष्पराज ठाकुर, दिनेश साहू, योगेश साहू, नोहर ठाकुर, पूर्व सरपंच खेदू ठाकुर, रुपेश पटेल उपस्थित रहे।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वधान में ग्राम बरोंडा बाजार के ग्राम पंचायत भवन में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू द्वारा जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद की सचिव आफरीन बानो के मार्गदर्शन में प्रबंध कार्यालय तथा तालुका स्थित न्यायालय के आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा भी 10 मई 2025 शनिवार को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण आपसी सुलह समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण हो सके, इस उद्देश्य से वृहद रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्राधिकरण के सचिव आफरीन बानों द्वारा ग्राम बरोंडा बाजार के पंचायत भवन पहुंचकर उपस्थित ग्रामीणजनों को विधिक जागरूकता संबंधी जानकारी देते हुए नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में जानकारी देते हुए सचिव आफरीन बानो ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार संपूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है।

**निरीक्षण : मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर के दौरान आंगनबाड़ी का किया औचक निरीक्षण**

# नन्हे बच्चों के बीच पहुंचे सीएम बांटी टॉफियां और लुटाया प्यार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बच्चा बच्चा जानता है हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का नाम। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लोकप्रियता की बानगी तब दिखी जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गरियाबंद जिले के मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर के दौरान आज अचानक आंगनबाड़ी निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने बच्चों से पूछा आप जानते हैं हमारे देश के प्रधानमंत्री कौन हैं, सभी ने कहा कि नरेंद्र मोदी। प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम पूछने पर उन्होंने श्री साय का नाम लिया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान नौनिहालों के साथ समय बिताया, उन्हें दुलारा और चॉकलेट भी बांटे। मुख्यमंत्री का नन्ही बालिकाओं ने माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया। छोटे बच्चों के स्वागत से मुख्यमंत्री भाव विभोर हो गए और उन्हें आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि हमारी सरकार बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने और संवारने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। श्री साय ने अधिकारियों से कहा कि पूरे प्रदेश में आंगनबाड़ियों के माध्यम से संचालित योजनाओं का लाभ हमारे नौनिहालों मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे पोषण आहार के साथ साथ सुंदर परिवेश भी उपलब्ध कराना होगा ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो। हमारे बच्चों की परवरिश जितनी अच्छी होगी, हमारे देश के भविष्य की नींव उतनी अधिक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध होगा। उन्होंने आंगनबाड़ियों में गर्भवती माता तथा बच्चों को दिए जाने वाले पूरक पोषण आहार और अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली।

**बच्चों को मेनू अनुसार दिया जा रहा भोजन**

इस दौरान मड़ेली आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 की कार्यकर्ता उर्वशी नंदे ने बताया कि 15 बच्चे नियमित रूप से आंगनबाड़ी आते है और प्रतिदिन मेनू अनुसार उन्हें नाश्ता और भोजन दिया जा रहा है। श्रीमती नंदे ने बताया कि प्रतिदिन पूरक पोषण आहार वितरण करने के साथ गर्म भोजन भी बच्चों को दिया जाता है।



# सेनानी स्कूल कौंदकेरा के 4 छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल 2024-25 के कक्षा दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा में कौन्दकेरा के होनहार छात्र भानुप्रताप साहू ने कक्षा 12वीं में 500 में कुल 467 अंक हासिल कर 93.4 प्रतिशत के साथ विद्यालय, गांव एवं पूरे गरियाबंद जिले का नाम रौशन किया है। बता दें कि छात्र भानुप्रताप, धनराज-लीलाबाई साहू के बेटे है। इसके साथ ही इसी विद्यालय से निशारानी टंडन पिता सेवाराम टंडन 91.8 प्रतिशत ,भोजलता साहू पिता थनवार साहू 91.20 प्रतिशत, तेजेश्वरी साहू पिता शिवकुमार 90 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस छोटे से गांव कौंदकेरा से एक साथ चार प्रतिभावान बच्चो ने विद्यालय, गांव और जिले का नाम रौशन किया। मालूम हो कि जिले के टॉपटेन में ये बच्चे पहला, चौथा, नवम एवं दसवां स्थान बनाया है। उल्लेखनीय है कि सेनानी विद्यालय कौन्दकेरा से प्रतिवर्ष दर्जनों विद्यार्थी खेलजगत और स्काउट गाइड क्षेत्रों में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हैं। वहीं दूसरी ओर पढ़ाई में भी कीर्तिमान स्थापित किया है। गांव का यह छात्र भानुप्रताप एक साधारण परिवार से है जो आगे चलकर




युपीएससी की तैयारी कर समाज एवं देश की सेवा करना चाहता हैं। हरिभूमि से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 6 से 7 घंटा योजनाबद्ध संकल्पित होकर पढ़ाई किया। गुरुजनों एवं माता-पिता का मार्गदर्शन मिला। साथ ही मेरे कक्षा शिक्षक दुष्यंत वर्मा मुझे घर आकर मोटिवेट करते रहे। जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी ने इन प्रतिभावान बच्चो को बधाई दिया है।

**12वीं में 103 विद्यार्थियों में 63 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण**

कक्षा दसवीं में लक्ष्मी साहू पिता देवराज साहू ने 600 में 556 अंक के साथ 92.6 प्रतिशत प्रथम स्थान, झरना धृतलहरे पिता चंद्रप्रकाश 91 प्रतिशत द्वितीय स्थान, दीप्ति साहू पिता लेखराम साहू 86 प्रतिशत तृतीय स्थान। कक्षा 12वीं में 103 विद्यार्थियों में 63 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 32 द्वितीय श्रेणी एवं एक विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण होकर एक नया मिशाल कायम किया है। कक्षा दसवीं में 41 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 45 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी एवं 16 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। इन सभी प्रतिभावान बच्चों को राजिम विधानसभा क्षेत्र विधायक रोहित साहू ने कहा कि कौन्दकेरा विद्यालय के बच्चों ने इतिहास रचा है। बच्चों के उत्तरोत्तर उन्नति की बात उन्होने कही। जिला पंचायत सदस्य नंदनी साहू एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष ओंकार साहू ने कहा कि ये बच्चे कड़ी मेहनत किए परिणाम सामने है। जनपद सदस्य रामेश्वरी कुर्रे ,सोसायटी अध्यक्ष बाबूलाल साहू ,सरपंच राधिका यादव, प्राचार्य एम आर रात्रे, बीआरसीसी सुभाष शर्मा, संकुल समन्वयक नरेश साहू , उपसरपंच नंदनी-भूषण साहू ने बच्चों को अपनी शुभकामना दी है।

# सशिमं फिंगेश्वर कक्षा 10वीं में वीणा व 12वीं में दीपिका प्रथम



**फिंगेश्वर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर में कक्षा 10वीं एवं 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्तम रहा। जिसमें कक्षा 10वीं में बहन वीणा साहू पिता चेतन लाल साहू ने 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया। बहन सोनम दीवान पिता अजय कुमार दीवान ने 91.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया,भैया राहुल कुमार साहू पिता विनय कुमार साहू ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में बहन दीपिका साहू पिता विनय कुमार साहू ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम एवं गरियाबंद जिला में सप्तम स्थान प्राप्त किया।बहन



निकिता प्रजापति पिता डुमेश्वर प्रजापति ने 89.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं जिला में 11 वाँ स्थान प्राप्त किया।बहन पुष्पांजली साहू पिता विद्याभूषण साहू ने 88.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के अच्छा परिणाम आने पर विद्यालय के संचालन समिति श्री बालाजी शिक्षण



समिति फिंगेश्वर के अध्यक्ष रामूराम साहू, उपाध्यक्ष पद्मा यदु, कोषाध्यक्ष अरेन्द्र पहाड़िया, सचिव पूनम यादव, सह-सचिव-गोपेश यदु एवं अन्य सदस्यगण एचएल साहू, अशोक राजपूत, अनीता शर्मा एवं प्राचार्य दीपक शुक्ला, शिक्षक आसकुमार यादव, नागेन्द्र यादव, घनश्याम साहू, तोमेश्वरी साहू, नेहरू साहू, यादराम साहू, सेवाराम साहू ने उज्वल भविष्य की कामना की।

**अच्छी सड़क पर फिर से ढलाई वार्डवासियों में उभरा आक्रोश**

**नवापारा-राजिम।** वार्ड क्रमांक 12 के रहवासियो ने सीएमओ को ज्ञापन देते हुए हैप्पी डेलीनिड्स दादा चौक वार्ड क्रमांक 12 के संबंध में कहा है कि यह रोड पूर्व में बहुत अच्छी स्थिति में होने के कारण वार्डवासियों द्वारा इस रोड में ढलाई न करने के लिए आवेदन दिया गया था बावजूद वार्डवासियों की शिकायत को नजरअंदाज करते हुए रोड की गुणवत्ताहीन ढलाई करा दी गई जिसमें बजरी गिट्टी का उपयोग किया गया है। इस बात की शिकायत विधायक के सामने की गई। वार्डवासियों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में कहा है कि अभी से यहां धुल उड़ना चालू होकर बजरी गिट्टी दिखने लगा है जो अधिक समय तक न चलने की निशानी है अतएव उपरोक्त रोड का भुगतान रोककर उसके ऊपर डामरीकरण कराई जाए।



**सेना की वीरता को पूरे देश की जनता कर रही सलाम**

# आतंकवाद के खिलाफ सेना की एयर स्ट्राइक ने किया गौरवान्वित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानो और उनके प्रशिक्षण केन्द्र को ध्वस्त किया है। भारतीय सेना के इस अदम्य साहस और वीरता को पूरे देश की जनता सलाम कर रही है हमारे देश के सेना ने पहलगांव मे निर्दोश भारतीय पर हमला का बदला लिया है ताबड़तोड़ एयर स्ट्राईक कार्यवाही ऑपरेशन सिंदुर चलाया गया जिसपर पूरे देशवासियों को गर्व है। मैनपुर क्षेत्र में भी लोगों ने भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम किया है। भाजपा युवा मोर्चा मैनपुर मंडल अध्यक्ष महेश कश्यप ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदुर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के 9 ठिकानों पर सटीक और प्रभावी एयर स्ट्राइक कर पहलगाम के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। महेश कश्यप ने कहा कि भारतीय सेना ने एक बार फिर अपनी अदम्य शौर्य और देशभक्ति का परिचय देते हुए पाकिस्तान की धरती पर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक एयर स्ट्राइक को अंजाम दिया है। यह ऑपरेशन न केवल हमारी सेना की सामरिक कुशलता का प्रतीक है।

**पीएम मोदी ने एक बार फिर देश ताकत दुनिया को दिखा दिया : सुकचन्द्र-** जनपद सदस्य सुकचन्द्र धुरव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने एक बार फिर दुनिया को दिखा दिया है कि भारत न तो चुप बैठता है और न ही झुकता है। सशस्त्र बलों ने अपनी वीरता से यह संदेश दिया है कि भारत की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा। हमारी अटूट प्रतिबद्धता का भी जीवंत प्रमाण है।

**आतंकवाद मानवता के शत्रु हैं : महेंद्र-** आदिवासी युवा नेता महेंद्र नेताम का कहना है कि पहलगाम घटना के गुनहगार व मानव समाज के शत्रुओं का उपचार आवश्यक है। आतंकवाद मानवता के शत्रु हैं। आतंक को समूचे विश्व से समाप्त करना आवश्यक है। हम सब भारतीय सेना के साथ हैं।

**आतंकवादियों के मंसूबे नाकामयाब हुए : यशवंत-** धवलपुर के युवा यशवंत यादव ने कहा कि भारत ने फिर दिखाया कि वह केवल सहता ही नहीं है, सीधा जवाब देता है। बुधवार की रात्रि सर्जिकल स्ट्राइक का पूर्ण समर्थन, अभिनंदन है। यह कार्रवाई भारत की अस्मिता, सुरक्षा, रक्षा, वीरता के लिए है। आतंकवादियों के मंसूबे नाकामयाब हुए। भारत के शत्रुओं को संदेश है अब चुप्पी नहीं, करारा जवाब मिलेगा।

**वीर जवानों के शौर्य को सलाम : नीरज** – युवा नेता नीरज ठाकुर ने आंतकवाद के खिलाफ की गई कार्यवाही पर वीर जवानों के शौर्य को सलाम करते हुए कहा कि भारत की सेना एक बार फिर साबित कर दिया कि जब देश की सुरक्षा की बात आती है तो हम पाकिस्तान के भीतर घुस कर मारेंगे और देश की पुरी जनता सेना के साथ है।

**भारतीय सेना को सलाम : हबीब-** युवा नेता हबीब मेमन ने कहा भारतीय सेना को सलाम है 26 लोगो की हत्या का जबरदस्त जवाब दिया है, भारतीय सेना पर हमे गर्व उन्ही के बदौलत आज हम अपने घरों में चैन की नींद सो पाते है।

**पेज 9 के शेष...**

### अधूरी पीपरछेड़ी ...

काम 1980 में बंद कर दिया गया था। तब से यह परियोजना अधूरी पड़ी थी। तत्कालीन कई सरकारें आई पर इसके लिए वन और पर्यावरणीय अनुमति पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

**सात माइनर और दो सब माइनर नहरें बनकर तैयार-** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस पर ध्यान केंद्रित किया और परियोजना की पर्यावरणीय अनुमति के लिए केंद्र सरकार स्तर पर प्रयास शुरू किए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस परियोजना के महत्व को समझ कर इसको पूरा करने के लिए वन और पर्यावरणीय स्वीकृति दे दी। तथा इस परियोजना का काम पूरा होने का रास्ता खुल गया। इस परियोजना में नहर प्रणाली का लगभग 85 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। बनाई जाने वाली सात माइनर और दो सब माइनर नहरें बनकर तैयार है और 114 विभिन्न संरचनाओं का काम भी पूरा हो गया है। इसी तरह घुनघुट्टी नाले पर भी बांध का निर्माण कार्य आधा हो चुका है। इस परियोजना के कैचमेंट एरिया में 175 हेक्टेयर वन भूमि आएगी। परियोजना के पूरा होने पर क्षेत्र के लगभग 10 गाँवों के पाँच हजार किसानों को 1560 हेक्टेयर (लगभग चार हजार एकड़) रकबे में लगी फ़सलों के लिए सिंचाई का पानी मिल सकेगा। सरकार ने इसके कामों को पूरा करने के लिए अब 85 करोड़ रुपए मंजूर किए है।

### ईमानदारी से काम...

सरकार को डेढ़ साल पूरे होने जा रहे हैं। इस दौरान मोदी की गारंटियों को पूरा करने का काम लगातार किया गया है। उन्होंने बताया कि पहली कैबिनेट बैठक में ही 18 लाख गरीब परिवारों को आवास की मंजूरी दी गई थी और अब 13 मई को साढ़े तीन लाख और परिवारों को आवास मिलेंगे। उन्होंने सभी से 'आवास प्लस प्लस' सर्वे में भाग लेने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि धान खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की गई, बकाया बोनस की राशि दी गई और महतारी वंदन योजना से महिलाओं को आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। रामलला दर्शन और तीर्थ दर्शन योजनाओं के जरिए प्रदेशवासियों को तीर्थ यात्रा कराई जा रही है।

**सरकार लोगों के हित में लगातार कर रही है कार्य-** कार्यक्रम को राजिम विधायक रोहित साहू ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का मकसद है कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे और उनकी समस्याओं का समाधान गांव में ही हो। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारें गांव, गरीब और किसान के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव बसवराजु एस, संभाग आयुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका गरियाबंद के पूर्व अध्यक्ष गफ्फू मेमन, वरिष्ठ नागरिक अनिल चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जीवन में खेलों का विशेष स्थान : लोकेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र गरहाडीह मे आजादी के 77 वर्षो बाद भी बिजली की रोशनी नहीं पहुंची है बावजूद इसके इस ग्राम के युवाओ में खेल के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला और बड़ा जनरेटर किराया कर सात दिवसीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 30 से ज्यादा क्रिकेट टीमों ने भाग लिया और गुरूवार रात्रि मे फाईनल मैच जोरातरई और नगरी के बीच खेला गया। जिसमें फाईनल विजेता नगरी की टीम रही। क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचे इस दौरान ग्रामीणों और खिलाड़ियों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया।



इस दौरान जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम के मुख्य आतिथ्य मे विजेता टीम नगरी को 30 हजार रूपये नगद एवं ट्राफी तथा द्वितीय पुरस्कार जोरातरई की टीम को 15 हजार रूपये एवं ट्रॉफी वितरण किया गया।

आयोजिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा की इस दूरस्थ वनांचल क्षेत्र मे भी खेल के प्रति युवाओं मे गजब का उत्साह देखने को मिला बिजली नहीं होने के बावजूद युवाओ ने जनरेटर किराया कर रात्रिकालीन क्रिकेट को सफल बनाया है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए। इस मौके पर जनपद सदस्य फुलचंद मरकाम, रमुला बाई, सरपंच चिमन सिंह नेताम, दैनिक राम मंडावी, सरपंच शकर लाल नेताम, सुकचंद परदे, पन्नालाल नेताम, हेमलाल यादव, महेन्द्र नेताम, दशनाथ मरकाम, दीनाचंद मरकाम, घन"याम मरकाम, फुलमती, निरमत बाई नेताम, कुम्हार सिंह, रामलाल सोरी, रामरतन नेताम, रस्सी लाल, रूपसिंह मंडावी, बृजलाल, जेठुराम नेताम, युवराज नेताम, भगत नेताम, सोमारू नेताम, महादेव मरकाम सहित जय बुढादेव क्रिकेट टीम के समस्त सदस्य एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

### फसल बीमा का कमीशन देने किसानों को लेना पड़ रहा कर्जः अंकित

**महासमुंद।** फसल बीमा की राशि खातों में तो आई लेकिन, यह राशि किसानों की केसीसी में समायोजित हो गई। इधर, कमीशन देने के लिए किसानों को फिर से कर्ज लेना पड़ रहा है। फसल बीमा के तहत मिले मुआवजा में से 25 प्रतिशत तक कमीशन की वसूली का आरोप लगाते हुए खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कहा है कि इसकी उच्च स्तरीय जांच होगी तो कई चेहरे बेनकाब होंगे। स्थानीय प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान अंकित बागबाहरा ने कुछ किसानों द्वारा इस आरोप की पुष्टि करते हुए बाकायदा उनके द्वारा लिखे गए पत्र भी साझा किए। अंकित ने कहा है कि पीड़ित किसान सामने आए और शिकायत करें, वे उनका पैसा पीएम मोदी के नाम की योजना में पीएम के पार्टी के ही लुटेरों से वापस दिलाएंगे।



## खबर संक्षेप

### पटपरपाली की बेटी तन्नू ने 12वीं बोर्ड में हासिल किया तीसरा स्थान

**तेंदूकोना।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से 7 मई 2025 को सीजी बोर्ड 10वीं, 12वीं रिजल्ट जारी कर दिया गया है। सीजी बोर्ड रिजल्ट को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा घोषित किया गया। ग्राम पंचायत पटपरपाली (कोमाखान) के गौरव के रूप में नारी शक्ति को समर्पित, बेटी पढ़ेगी तभी बढ़ेगी और विकास गढ़ेगी को सार्थक करते हुए पटपरपाली निवासी थनवार साहू एवं ओम बाई की सुपुत्री तन्नू साहू ने 12वी कला संकाय में 93.4 प्रतिशत अंक लाकर ना केवल ग्राम पंचायत पटपरपाली अपितु पूरे महासमुंद जिले में तीसरा स्थान पाकर जिले व बागबाहरा विकासखण्ड का गौरव भी बढ़ाया है। ग्राम पंचायत पटपरपाली सरपंच लता कमलेश टांडेय एवं पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय ने तन्नू साहू से भेंटकर उनकी मेहनत एव लगन के लिए उन्हें पुरष्कृत किया। सरपंच लता कमलेश टांडेय ने कहा कि पटपरपाली की तन्नू साहू ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेमरी सरकारी स्कूल से पढ़ाई कर मेहनत से 12वीं बोर्ड परीक्षा में 93.4 प्रतिशत अंक हासिल कर महासमुंद जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जिससे महासमुंद जिले का गौरव बढ़ा। उनकी इस उपलब्धि ने साबित किया कि मेहनत और लगन से सरकारी स्कूलों में भी उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। पटपरपाली गांव की निवासी तन्नू ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों और स्कूल के शिक्षकों को दिया।

### कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम, कुणाल प्रथम

**नर्रा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुनगासेर में दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रथम कुणाल 81 प्रतिशत, द्वितीय चंद्रशेखर 80 और तृतीय माही 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल एवं माता पिता का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य दीवान समेत पूरे स्टॉफ व युवा विकास मंच मुनगासेर से ललित पटेल, पुरषोत्तम ठाकुर, चंद्रिका ध्रुवशी, टीकम पटेल, प्रेम निषाद, रामनारायण साहू, उमाशंकर ध्रुवंशी, जोगिंदर निषाद, होरीलाल पटेल, रेखराम ध्रुव, देवसिह ध्रुवशी, सत्यनारायण, रवि, गजेंद साहू, धनेश साहू इत्यादि ने हर्ष जताया है।

### दसवीं परीक्षा में खुशी रही अव्वल

**बागबाहरा।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में नरबदी देवी मुंशीलाल अग्रवाल हाईस्कूल बागबाहरा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 79 प्रतिशत रहा। संस्था की छात्रा खुशी पिता धनंजय देवांगन ने 95.66 प्रतिशत अंक कक्षा में द्वितीय स्थान भाविका सिंह राजपूत पिता नारायण सिंह राजपूत 87.16 प्रतिशत, तृतीय स्थान कल्पना पिता महेश देवांगन ने 80.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। खुशी पिता धनंजय देवांगन ने बागबाहरा ब्लाक में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बागबाहरा शिक्षा समिति के अध्यक्ष देवीचंद श्रीमाल, सचिव लालचंद जैन, संरक्षक अजय तिवारी, सुरेश अग्रवाल, हाजी अब्दुल रज्जाक भाई एवं संतोष अग्रवाल, मंजू कालिया, दीपक अग्रवाल, महावीर चंद जैन, लखवीर छाबड़ा ने हर्ष जताया। एवं समस्त पदाधिकारियो व सदस्यों तथा सस्था की प्राचार्य दीपा वास्तव एवं समस्त शिक्षक, कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शिशु संस्कार केंद्र में दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**महासमुंद।** छग माशिमं द्वारा संचालित 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में उपासना यादव 93 प्रतिशत, करूणा जोशी 92.8, कमलेश कुमार यादव 88 तथा कुल विद्यार्थियों की संख्या में से 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 12वीं में 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शरद मालू, प्रबंधक मनोहर महांती शाला के प्राचार्य अवनीश वानी प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, सहप्रधानाचार्य भावना गांधी व शाला परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सुशासन तिहार : अगले तीन माह के भीतर लोगों को जमीन का देंगे पट्टा

# शिविर में आए आवेदनों का शीघ्र करें निराकरण : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सुशासन तिहार में शुक्रवार को नवापारा शहर पहुंचे रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल एक्शन में नजर आए। उनका जलवा वैसे ही दिखा जैसे वे एक वरिष्ठ मंत्री के रूप में राजिम कुंभ मेला के समय आया करते थे। गाड़ियों का लंबा काफिला और पुलिस की सायरन बजाती गाड़ियां आगे-आगे चलती रही। दूर से ही भीड़ को पता चल गया कि श्री अग्रवाल शहर की सीमा में पहुंच गए है। वे सीधे सामुदायिक भवन पहुंचे। यहां पर कमोवेश सभी सरकारी विभागों का स्टॉल लगा हुआ था। इन स्टॉलों में विभाग के ऐसे-ऐसे अधिकारी थे जिसमें अधिकतर विभागों के महिला अधिकारी भी शामिल थी जिसे शहरवासियों ने कभी नहीं देखा था लेकिन जब शिविर लगा तो लोग उन्हें एकाएक स्टॉल में देखकर पुछने लगे थे कि आप ही लोग विभाग के अधिकारी है। महिला अधिकारी जवाब नहीं दे पा रही थी क्योंकि वे कभी इस शहर में दिखी भी नहीं थी। अधिकांश का मुख्यालय रायपुर और ज्यादा हो गया तो अभनपुर में। जबकि रायपुर लोकसभा और अभनपुर विधानसभा का सबसे बड़ा नगर और पुराना नगर पालिका नवापारा है। बहरहाल शिविर का मॉनिटरिंग एसडीएम रवि सिंग कर रहे थे। शिविर स्थल में पहुंचते ही सांसद बृजमोहन अग्रवाल चुन-चुनकर एक-एक स्टॉलों में गए। संबंधित विभागों के अफसरों से सीधा-सीधा पुछने लगे कि कितने आवेदन आए? कितने का निराकरण हुआ?



**महानदी किनारे तटबंध में सड़क निर्माण के लिए सर्वे करने का दिए निर्देश**

इस अवसर पर महानदी की सफाई के लिए मनरेगा के तहत श्री अग्रवाल ने 50 लाख रूपए देने की घोषणा किया। 5 लाख रूपए लाइब्रेररी के फर्नीचर के लिए, मैडम चौक और कन्याशाला के पास यात्री प्रतिक्षालय के लिए 5-5 लाख रूपए। सरस्वती शिशु मंदिर में सभागार के लिए सांसद और विधायक मद से 10-10 लाख रूपए तथा महानदी किनारे तटबंध में रोड निर्माण के लिए सर्वे करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास की जानकारी भी उन्होने ली और पात्र हितग्राहियो की सूची एक माह के अंदर बनाने का निर्देश दिया। पट्टा देने के लिए भी एक माह में तैयारी कर लेने के लिए कहा। सुशासन तिहार में मौजूद विधायक इद्रंकुमार साहू ने कहा कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने मंत्रीत्व काल में पूरे प्रदेश सहित अभनपुर-नवापारा क्षेत्र का भरपुर विकास किया। कहा कि सुशासन तिहार में बहुत ही उत्साह और उम्मीद के साथ जनता अपनी समस्या लेकर पहुंच रही है अतएव अधिकारी अच्छी तरह से ध्यान देकर इसे निराकरण करें। नवापारा नगर पालिका को आदर्श नगर पालिका के रूप में बनाने का पूरा प्रयास हमारा होगा।

**ये रहे शामिल**

शिविर में विशेष रूप से अपेक्ष बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रसन्न शर्मा, किसान नेता चंद्रिका साहू, मुकुंद मेश्राम, परदेशी राम साहू, टीकम चंद साहू, मयाराम साहू, धीरज साहू, पार्षद रवि साहू, लोमेश्वरी साहू, सहदेव कंसारी, केकती सोनवानी, भारत सोनकर, पूजा कंसारी, जीना निषाद, नम्मू ठाकुर, निर्मला साहू, सचिन सचदेव, जग्गु यादव, साधना सौरज, धनमती साहू, हर्षा कंसारी, योगिता सिन्हा सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

अधिकारी लोग जवाब देते रहे। सभी स्टॉलों में घुमने के बाद वे मंच पर पहुंचे और अलग-अलग विभागों के अफसरों को माइक पकड़ाकर उनके विभागों से संबंधित जानकारी और आवेदन के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार का 7 मई से 31 मई तक सुशासन तिहार चल रहा है। सीएम श्री साय खुद पूरे प्रदेश के गांवो में पहुंच रहे है। सुशासन तिहार में अफसरों के किसी भी प्रकार से कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। जनता की समस्या हल होनी चाहिए उन्हें भटकने की जरूरत न पड़े। ये बात को अधिकारी अच्छी तरह से गांठ बांध लें। श्री अग्रवाल ने नवापारा में लोगो का दिल यह कहकर जीत लिया कि अगले तीन महिने के भीतर लोगो का जमीन का पट्टा देंगे। सरकार ने यह निर्णय लिया है। कहा कि शिविर में जितने भी आवेदन आए है उसका निराकरण एक माह के भीतर करे लें। यह जिला स्तर के अधिकारियो की जिम्मेदारी है। मै फिर से एक बार समीक्षा करने यहां आऊंगा। इस बात को नोट करके रखें। जितना भी आवेदन आया है सबका निराकरण हो। किसानों को, लोगों को नक्शॉ, खसरा, बंटवारा जैसे कार्यो में परेशान होना न पड़े। मातृवंदन का आवेदन और लेंगे। इस अवसर पर उन्होने भारतीय सेना का अभिनंदन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दिए। कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को पानी पिला दिया। पाकिस्तान नाम की कोई चीज शायद ही अब बचेगा, हमारी मां, बहनों के सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकियों की खैर नहीं है।

# भारतीय महिला सैन्य अफसरों की साहसिक कार्रवाई से आतंकियों के ठिकाने नेस्तनाबूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले से पूरा देशवासियों में शोक, पीड़ा एवं क्रोध है। जिसका बदला 14 दिनों बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करके लिया है। भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर बमबारी कर तबाह करने की कार्यवाही को ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू एवं नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने कहा है कि जब बात देश की सुरक्षा की हो तो दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी राजनैतिक पार्टियां एवं देशवासी एक साथ है। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू एवं नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने एक स्वर में कहा कि देश की तरफ गलत नीयत से उठाई हर आंख फोड़ दी जाएगी। दुश्मन यह जान लें कि यह देश रानी लक्ष्मी बाई का है। भारत वीरांगनाओं का देश है। नारी सुकुमारी ही नहीं शक्ति का भी रूप है। नारी दुर्गा भी है। नारी में चंडी है। जिन आतंकियों ने भारतीय महिला पर्यटकों के माथे से उनका सिंदूर मिटाया है उसकी बड़ी कीमत पाकिस्तान एवं उनके पाले आतंकियों को चुकानी पड़ेगी। भारत की दो महिला सैन्य अधिकारी कमांडर व्योमिका सिंह एवं कर्नल सोफिया कुरैशी के नेतृत्व में आतंकियों एवं उनके ठिकानों को खाक में मिलाने की कार्रवाई चालू हो गई है। अगर ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान सबक नहीं सीखा, अपने नापाक हरकतों से बाज न आया तो भारत इतनी शक्ति रखता है कि विश्व के नक्शे से पाकिस्तान को मिटा देगा। नगर के दोनों ही राजनैतिक पार्टियां के महिला प्रतिनिधि नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू एवं नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ऑपरेशन सिंदूर को देश के प्रति उनकी दृढ़ राष्ट्रभक्ति की भावना को बयां करती है।





# कक्षा 1ली में 50 छात्रों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय फिंगेश्वर में शिक्षा सत्र 2025–26 के लिए छात्रें का चयन लॉटरी के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव ,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष हरित,कमलेश यदु,राजू साहू, शुभम जैन,के डी सोनवानी, कमलेश कश्यप,सुमन श्रीवास,ज्योति राजपूत,अशोक सोनवानी,जितेंद्र शर्मा,अंकुर पहाड़िया एवं पालकों की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया पूरी की गई।प्रक्रिया मे सबसे पहले कक्षा 1 ली में 50 छात्रों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया। कक्षा में कुल 130 आवेदन थे। वहीं कक्षा पांचवी के लिए एक रिक्त सीट का चयन लॉटरी से किया गया इसमें कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए थे। लॉटरी प्रक्रिया को धनराज सूर्यवंशी,मनीष हरित और कमलेश यदु ने संबोधित किया और सभी ने अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों व बच्चो को बधाई दिया।

लॉटरी प्रक्रिया में संस्था के प्राचार्य मुकेश निर्मलकर,महेश साहू, उमेश यदु, फणेश्वर साहू,माधव देवांगन, विनोद साहू, भागवत भार्गव, कृष्णेंदु मंडल, ऋषभ शर्मा, ईश्वर मालाकार, विकास चंद्राकर,देव सिन्हा,टीकम साहू, शुभम साहू,सारिका साहू, विनीता साहू,काजल शर्मा,कृतिका पुंज, खुशबू भट्ट, सृष्टिदीक्षित, गीतांजलि सिन्हा,वर्षा हिरवानी, अंशी कुजूर,कल्पना साहू,चेतना किरण साहू,मनीषा साहू, क्षमेश्वरी बंजारे, सीमा गायकवाड़, शताक्षी शर्मा, समीक्षा तारक सहित सभी शिक्षक व स्टाफ उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्ति पर मनी राम को दी विदाई, विधायक ने किया सम्मानित

**छुईहा बेलर।** पंचायत सचिव संघ फिंगेश्वर द्वारा मनी राम साहू जो की ग्राम पंचायत बेलर मे पदस्थ थे जिसका रिटायर अप्रैल माह में हुआ। जिसका विदाई का कार्यक्रम समस्त पंचायत सचिवों की उपस्थिति में ग्राम बोरीद में उपस्थित विधायक रोहित साहू एवं जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी नेहरू साहू के द्वारा सह सम्मान सहित शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेट कर विदाई किया गया और समस्त पंचायत सचिवों द्वारा दीर्घायु एवं स्वस्थता रहने की ईश्वर से कामना किया और संघ की ओर से 1 लाख रूपये का सहयोग राशि प्रदान किया गया। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष गोविन्द साहू, जिला सचिव हेमकुमार पटेल, उपाध्यक्ष रेवा राम ढीढी, सचिव झम्मन पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल साहू, सहसचिव चंद्रकांत साहू, मिडिया प्रभारी ओमप्रकाश सिन्हा, सोना राम वर्मा, चंद्रकांत तिवारी, तुलस साहू, संतोष साहू, हुकूमत साहू, यशवंत साहू, भैया राम साहू, चेमन साहू, चेतन साहू, भैया राम साहू, बुदेश्वर चिंता राम सिन्हा, साहू, कन्हैया सिन्हा, गोपेश सेन उपस्थित रहे।



# उपाध्यक्ष सोनवानी ने सीएम साय को कराया समस्याओं से अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

सुशासन तिहार समाधान शिविर ग्राम मडेली में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन हुआ। जहां जनपद पंचायत छुरा के जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी ने अपने क्षेत्र के समस्याओं से अवगत कराते हुए उनका आत्मीय स्वागत पुष्प देकर किया।



# भराई मंदिर कुंभ में हरे कृष्णा हरे राम की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्राम पंचायत गिरसूल के फलसापारा ग्राम के परिसर में शुक्रवार को श्री चैतन्य महाप्रभु मंदिर कुम्भ भराई का कार्यक्रम किया गया। कुम्भ निर्माण स्थल हरे राम, हरे कृष्ण की गूंज से भक्तिमय हो गया। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। पानी, छांव, बैठने और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। श्री चैतन्य महाप्रभु मंदिर कुम्भ भराई में स्थानीय भजन मंडलियों के साथ दूर–दराज से आई मंडलियां भी शामिल हो रही हैं। यज्ञ स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। हर कोना भक्ति रस में डूबा नजर आ रहा है। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे झंडों और फूलों से सजाया गया है। भजन-कीर्तन से माहौल पूरी तरह धार्मिक हो गया है। समिति के सदस्य रिपुचंद ने बताया कि इस आयोजन की तैयारी एक माह पहले से की जा रही थी। समिति के सदस्य लगातार व्यवस्था में जुटे हैं। श्री चैतन्य महाप्रभु मंदिर स्थल पर सुरक्षा और साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है श्रद्धालुओं में आयोजन को लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है।



### 10वीं मे टॉप करने वाले छात्र के घर पहुंचे विधायक जनक

# आदिवासी समाज का इतिहास गौरवशाली : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव शुक्रवार को मैनपुर देवभोग क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात किया। गांव -गांव जनक ध्रुव का ग्रामीणों के द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस दौरान जनक ध्रुव शाम 6 बजे दासोपारा में आदिवासी सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए जहां आदिवासी समाज के लोगों ने उनका परंपरा अनुसार स्वागत किया। इस दौरान चंदन जात्र एवं बुढ़ादेव महापूजन कार्यक्रम मे पूजा अर्चना क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा की आदिवासी समाज का इतिहास गौरवशाली है और यह समाज प्रकृति के साथ सरल जीवन जीने सत्य निष्ठा जैसे मुल्यों के लिए जाना जाता है। उन्होने कहा की इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम करने से समाज के लोग एक जगह एकत्र होते है और एक दूसरे के सुख- दुख में विचारों का अदान प्रदान करते हैं जिससे बड़े से बड़े समस्याओं का सरलता से समाधान हो जाता है। उन्होने आयोजित कार्यक्रम में आव्हान करते हुए कहा की आदिवासी समाज की गौरवशाली संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए समाज के युवाओं को आगे आने की जरूरत है और हमें अपने हक और अधिकार के लिए यदि सड़क की लड़ाई लड़नी पड़ी तो उसके लिए भी तैयार रहने की जरूरत है। इस मौके पर प्रमुख रूप से घ्रुव गोड़ समाज के केन्द्र अध्यक्ष लंबुधर ध्रुव, पुलस्त नेताम, पुरनसिंह मरकाम, रमेश ध्रुव, तोशण मरकाम, मुकेश ध्रुव, हिमांचल नेताम, कुंजबिहारी ध्रुव, चौहान सिंह मरकाम, राजेश ध्रुव, महेश मरकाम, किशोर ध्रुव, तोरण सिंह ध्रुव, भूपेन्द्र सोरी, नेहरू नेताम, राजेश नेताम, कीर्तन ध्रुव, थबीर मरकाम, बेनु मरकाम, हरीश, सिध्दे"वर, कन्हैया लाल एवं बडी संख्या मे आदिवासी समाज के लोग कार्यक्रम मे शामिल हुए।

**टॉपर को विधायक ने खिलाई मिठाई**



कार्यक्रम के दौरान देवभोग ब्लॉक के जामगुरिया पारा पहुंचकर कक्षा दसवीं मे 97 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले छात्र भुपेन्द्र कुमार के घर पहुंचकर उन्हे मिठाई खिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस दौरान पूरे ग्राम के लोगों ने विधायक जनक ध्रुव का स्वागत किया। वहीं दूसरी ओर विधायक जनक ध्रुव ग्राम अंदोरा, मैनपुर, झिरीपानी, चिचिया, दासोपारा पहुंचकर जहां विभिन्न वैवाहिक कार्यक्रमो मे शामिल होकर नव वर वधुओं को बधाई दिये तो वहीं ग्रामीणों की समस्याओं को सुना मौके पर से ही फोन लगाकर कई समस्याओं का समाधान करने अफसरो को निर्देश दिया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मैनपुर रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदू यादव, अमलीपदर अध्यक्ष ललीता यादव, देवभोग अध्यक्ष भूपेन्द्र मांझी, अरूण सोनवानी एवं बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त,11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411